<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–21.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप सम्मेलन का करेंगे उदघाटन, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियां अपनी सफलता की गाथा करेंगे साझा।
- विधानसभा के बजट सत्र को लेकर स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो आज करेंगे सर्वदलीय बैठक, सत्र के सुचारु संचालन में सभी दलों से मांगेंगे सहयोग।
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की अवमानना याचिका, मुख्य सचिव समेत कई अन्य अधिकारियों को भी बनाया प्रतिवादी।
- राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर, कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को पहुंचा नुकसान, मौसम विभाग ने आज और कल के लिए भी बारिश और वज्रपात का जारी किया औरेंज अलर्ट।
- चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड की काजल कुमारी को कांस्य पदक, चार सौ मीटर दौड़ में मिली सफलता।

<u>********************</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप यानी सोल नेतृत्व सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में मुख्य संभाषण भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोब्गे का होगा। दो दिन के इस सम्मेलन में राजनीति, खेल, कला, मीडिया, आध्यात्म, लोकनीति, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां अपनी सफलता की गाथा साझा करेंगी। श्री मोदी आज दिल्ली में अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का भी उद्घाटन करेंगे।

<u>********************</u>

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सुचारु संचालन के लिए स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने आज दोपहर एक बजे सर्वदलीय बैठक बुलायी है। बैठक में सदन के नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक दल के नेता शामिल होंगे। सदन में प्रतिपक्ष का नेता चयनित नहीं होने के कारण विधानसभा सचिवालय ने भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी सिंह को बैठक में पार्टी का प्रतिनिधित्व करने लिए आमंत्रित किया है। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होगी और विधानसभा अध्यक्ष सत्र के संचालन में सभी दलों से सहयोग की अपील करेंगे।

<u>********************</u>

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में डीजीपी नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। श्री मरांडी ने अपनी याचिका में मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना डाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, डीजीपी नियुक्ति के लिए बनी नॉमिनेशन कमिटी के चेयरमैन जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और सदस्य पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को प्रतिवादी बनाया है। श्री मरांडी ने कहा है कि डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना है।

<u>********************</u>

हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड के जौनिया गांव में उत्पाद विभाग ने लगभग 1 करोडं रुपए की शराब जब्त की है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू ने बताया कि पन्द्रह सौ पेटी शराब एक घर में छिपा कर रखी गयी थी।

********************

हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के कनसार के रहने वाले पांच लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। सभी कुंभ स्नान करने के लिए प्रयागराज गए थे। अयोध्या में श्री राम मंदिर का दर्शन करने के बाद वापस लौटने के दौरान जौनपुर जिला के बदलापुर थाना क्षेत्र में यह सड़क हादसा हुआ। हादसे में चार लोगों गंभीर रुप से घायल भी हैं।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस है। हर साल 21 फरवरी को यह मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को बढ़ावा देना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस दिवस की बधाई दी है और जीवन में मातृभाषा के महत्व को रेखांकित किया है।

********************

कोडरमा के झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र में जल स्रोत और तालाबों के संरक्षण के लिए विशेष पहल शुरू की गई है।

********************

रांची–वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आज बदले मार्ग से चलेगी। तकनीकी कारणों से तीन ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं, कुछ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

********************

रांची समेत राज्यभर में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखायी पड़ रहा है। गुरुवार को रांची और अन्य कई जिलों में तेज हवा और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि से खेतों में रबी और सब्जी की फसलों के साथ–साथ आम, लीची और सहजन के मंजरों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज और कल भी कोल्हान के सभी जिलों समेत रांची, सिमडेगा, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, गिरिडीह और देवघर में तेज हवा के साथ बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

********************

चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप संपन्न हो गयी। इस प्रतियोगिता में झारखंड ने एक कांस्य पदक हासिल किया। झारखंड को यह पदक 400 मीटर दौड़ में काजल कुमारी ने दिलाया। काजल की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।

********************

संक्षिप्त खबरें

- सरायकेला खरसावां जिले में आज दिन के साढ़े दस बजे से दिशा की बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल होंगे। श्री सेठ आज चांडिल में एक नये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी उदघाटन करेंगे।
- देवघर जिले में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने चार सौ इकावन आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आन्दोलनकारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।
- राज्य के नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने देवघर नगर निगम क्षेत्र में संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिये।

********************

राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मैट्रिक का प्रश्न पत्र लीक होने के बाद हिन्दी और विज्ञान की परीक्षा रद्द किये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने लिखा है– हिन्दी और विज्ञान विषय की परीक्षा रद्द।
हिन्दुस्तान के शब्द हैं– प्रश्न पत्र लीक मामले में कोडरमा से एक पकड़ा गया, गढ़वा में तीन से पूछताछ।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है– नेता प्रतिपक्ष तय नहीं, स्पीकर ने सीपी सिंह को भेजा सर्वदलीय बैठक का न्यौता।
दैनिक जागरण लिखता है– कुंभ से लौट रहे हजारीबाग के आठ श्रद्धालुओं की मौत।

*************